स्वास्थ्य सेवा में अग्रणी हेल्थकेयर एवं वेलफेयर सोसायटी

कैंप में जांचेंगे लोगों की हेल्थ

2 जून को कैंट के एसडी पब्लिक स्कूल और 3 जून को हिन्दू गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल कालका में लगेगा कैंप

अंबाला। अंबाला हेल्थकेयर एवं वेलफेयर सोसायटी (रजि.) स्वास्थ्य सेवा में अग्रणी भूमिका का निर्वाह कर रही है। संस्था मानवता के हित में और कमजोर तबकों के लोगों को अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चिकित्सकों और अस्पतालों की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रही है। इस क्रम में 2 जून को अंबाला-जगाधरी रोड स्थित एसडी पब्लिक स्कूल में निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप लगाया जा रहा है। साथ ही 3 जून को हिन्दू गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल कालका में भी निःशुल्क विशाल स्वास्थ्य जांच कैंप लगाया जाएगा।

सोसायटी की अध्यक्ष एवं हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष शक्ति रानी शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले इस हेल्थ कैंप में विश्व प्रसिद्ध ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ. नरेश त्रेहन (मेदांता-मेडीसिटी गुड़गांव) के वरिष्ठ डाक्टरों की टीम, चिल्ड्रन अस्पताल पंचकूला के डॉक्टर तथा मशहूर नेत्र रोग विशेषज्ञ पीसी शर्मा, विख्यात दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. सन्नी सिंह आहलूवालिया मरीजों का चेकअप करेंगे। इस मौके पर संस्था मरीजों को मुफ्त दवाइयां उपलब्ध कराएगी।

प्रत्येक माह लगता है कैंपः सोसायटी प्रत्येक माह अंबाला व आस-पास के क्षेत्र में निःशुल्क हेल्थ कैंप लगाती है। 2 जून को लगने वाला कैंप संस्था का 13 वां कैंप होगा। पहला कैंप मई 2011 अंबाला में लगाया गया था। सोसायटी का 14 वां कैंप 3 जून को हिन्दू गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल कालका में लगाया जाएगा।

29 से होगा रजिस्ट्रेशनः जो मरीज 2 जून को एस.डी पब्लिक स्कूल में आयोजित होने वाले कैंप में अपना इलाज कराना चाहते हैं तो उनका रजिस्ट्रेशन 29 से 31 मई तक एसडी पब्लिक स्कूल अंबाला छावनी में सुबह 9 से 3 बजे तक अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। इसके अलावा मुकेश जोशी से 94163-27170 व चित्रजंन अग्रवाल से मोबाइल नंबर 98120-52120 पर संपर्क कर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

सोसायटी ने आज तक सभी 12 कैंपों में 26 हजार से अधिक मरीजो की जांच की और उनका उचित उपचार किया गया। इन शिविरों में आने वाले 900 मरीजों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन मुफ्त करवाया जा चुका है।

सभी रोगों की होगी जांच

2 जून को लगने वाले हेल्थ कैंप में विशेष रूप से महिलाओं के ब्रेस्ट कैंसर की जांच एवं मैमोग्राफी टेस्ट के इलावा ह्रदय रोगियों का ईको, ईसीजी व शुगर की जांच की जाएगी। इस मिशन के तहत कैंप मे हड्डियो के कैल्शियम की जांच, फेफड़ों की अक्षमता जांच समेत कई अन्य टेस्ट मुफ्त किए जाएंगे। कैंप में मौजूद देश के आला डॉक्टर मरीजों के ह्रदय, मधुमेह, रक्तचाप, नेत्र, दंत, बाल, महिला, हड्डी रोगों के साथ-साथ अन्य सभी प्रकार के रोगियों की भी जांच करेंगे और दवाइया देंगे।

विशेष वैन का प्रबंध

हेल्थ शिविर में जिन मरीजों का मेमोग्राफी टेस्ट किया जाना है उनकी जांच के लिए मेदांता अस्पताल से विशेष रूप से वैन मंगाई गई है। यह अत्याधुनिक जांच उपकरणों से सुसज्जित है। जांच का कार्य कैंसर की विशेषज्ञ डॉक्टर कंचना कौर व उनकी टीम करेगी। इसके अलावा मेदाता अस्पताल के न्यूरो के डा. ए.एन. झा की टीम भी इस कैंप में विशेष रूप से उपलब्ध रहेगी। डा० पी.सी. शर्मा द्वारा नेत्र रोगों की जांच करने के साथ-साथ गरीब लोगों को मुफ्त चश्मे भी दिए जायेंगे तथा अपने अस्पताल में रोगियों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन भी मुफ्त किये जायेंगे। डॉ. आहलूवालिया द्वारा लोगों के दांतों के रोगों का मुफ्त उपचार किया जाएगा।

2 जून को अंबाला कैंट के एसडी पब्लिक स्कूल में मेगा हेल्थ कैंप लगाया जाएगा। कैंप का उद्घाटन सोसायटी की अध्यक्ष एवं हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष शक्ति रानी शर्मा करेंगी। वहीं 3 जून को हिन्दू गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल कालका में लगने वाले कैंप का उद्घाटन विधायक विनोद शर्मा करेंगे। संस्था का उद्देश्य निर्धन वर्ग के लोगों को अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त अस्पताल और चिकित्सकों का इलाज मुहैया कराया जाए।

एसडी गौतम, सचिव, अंबाला हेल्थकेयर एवं वेलफेयर सोसायटी